FUSCO'S SCHOOL (ICSE)

Indiranagar, Bangalore

ANNUAL EXAMINATION 2016 – 2017

SUBJECT : HINDI II LANGUAGE.

Class : VII | **Time : 2 ½ Hrs**
Marks : 80

SECTION – A [40 MARKS]

प्र. १ अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो:- **(10)**

कभी निराश न होना। 'असंभव शब्द मूर्खों के शब्दकोष में होता है' यह ध्यान रखो। कोई ऐसा कार्य नहीं है जिसे धैर्य, परिश्रम, निष्ठा और स्वाध्याय से तुम पूरा न कर सको। याद रखो की सफलता का मूल्य तुम्हे चुकाना पड़ेगा। इसके लिए तुम्हे अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है, सतत परिश्रम करना पड़ सकता है, बार-बार परिश्रम करना पड़ सकता है, पर हर काम हो सकता है। याद रखो की उद्यमी मनुष्य के लिए सुमेरु पहाड़ की चोटी भी पहुत ऊँची नहीं है और उसके लिए रसातल भी अधिक नीचा नहीं है और वह समुद्र को भी अथाह नहीं समझता।

प्र. १ 'असंभव' शब्द किन मनुष्यों के शब्दकोष में नहीं होता?
प्र. २ कार्य करने के लिए क्या आवश्यक है?
प्र. ३ सफलता का मूल्य कैसे चुकाना पड़ेगा?
प्र. ४ 'समुद्र' और 'पहाड़' के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए?
प्र. ५ गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

प्र. २ मित्र को परीक्षा में प्रथम स्थान पाने के लिए बधाई-पत्र **(5)**

अथवा

मीरा पब्लिशर्स से वी-पी-वी द्वारा पुस्तकें मँगवाने हेतु पत्र, लिखें।

प्र. ३ किसी एक विषय पर अनुक्छेद (निबंध) लिखें :- **(7)**

रंगों का त्यौहार होली

(अथवा)

गणतंत्र दिवस

प्र ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

क. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- **(2)**

नवीन, कठिन, अंतिम, आधुनिक

ख. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:- **(2)**

धरती सागर नयन आकाश

ग. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदल कर लिखिए :- (2)

देहाती, पुजारी, मालिक, सुनार

घ. दिये गए शब्दों में निर उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाएँ:- (2)

मल, जन, मम, विवाद

ङ. दिए गए सामासिक शब्दों का समास विग्रह कीजिये :- (2)

ईश्वर प्रदत्त, कार्यकुशलता, बुद्धिमान, सुख-संवाद

च. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखो:- (4)

आँखें दिखाना, आकाश-पाताल का अंतर होना

छ. दिए गए लोकोक्तियों के अर्थ लिखें :- (4)

एक ही थाली के चट्टे-बट्टे, जो गरजते हैं वे बरसतें नहीं

SECTION – B [40 MARKS]

प्र. ५ **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :-** (16)

क. कुलीन परिवार के सदस्यों के नौकरी न करने का क्या परिणाम हो रहा था?

ख. मेहमान ने सहिजन के पेड़ को क्या सोचकर काटा?

ग. एक कुशल चिकित्सक बनने के लिए क्या आवश्यक है ?

घ. अंधड़ में साहस को कैसे तौला जा सकता है?

ङ. इस कहानी का नाम 'दावत की अदावत' क्यों रखा गया है?

च. सुलतान में क्या विषेषताएँ थीं?

छ. 'ममी' के पास तरह-तरह का सामान क्यों रखा जाता था?

ज. धीरे-धीरे क्या हुआ की उषा हँसने लगी?

प्र. ६ **निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें : -** (4)

१. मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है।

२. लहरों का यौवन मचलता है।

प्र ७ **नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके लिखें :-** (3)

१. तुम पत्र पढ़ा होगा ।

२. उसका प्राण निकल गया ।

३. सरिता बहुत विद्वान है ।

प्र ८. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-** (3)

१. बड़ों की अज्ञा माननेवाला –

२. जो कभी संभव न हो –

३. त्याग करने वाला –

प्र. ९ **दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिये :-** (2)

१. विहान - + + + + + +

२. कांति - + + + + + +

प्र.१० **हाँ / नहीं में उत्तर लिखें : -** (4)

१. वंशीधर नमक विभाग के दारोगा पद पर प्रतितिष्ठित हो गए।

२. पंडित अलोपीदीन इलाके के अत्याचारी जमीनदार थे।

३. वंशीधर पर ईमानदारी की नयी उमंग थी।

४. धन ने धर्म को पैरों तले कुचल डाला।

प्र.११ **दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइये :-** (3)

१. गरीब २. दूरदर्शी ३. दुश्मन

प्र. १२ **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिये :-** (2)

१. प्राचीन २. सफल

प्र. १३ **दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें : -** (3)

१. कुलीन २. प्रत्यारोपण ३. पतवार